https://www.cgboardonline.com

कुल प्रश्नों की संख्या : 26 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

# XIHY-202301

## विषय : लेखा शास्त्र

समय : 3 घण्टे ]

[ पूर्णांक : 90

निर्देश : (1) सभी प्रश्नों को हल कीजिये।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 9 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 10 से 14 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की शब्द सीमा- 40 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 15 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है। उत्तर की शब्द सीमा 75 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 24 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा- 100 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 25 एवं 26 अतिदीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं।

**प्रश्न क्रमांक 1 से 9 तक सभी प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिये-**

**प्रश्न-1.** लेखांकन व्यावसायिक प्रक्रिया लेनदेन को किस रूप में मापती है? **(1)**

**प्रश्न-2.** लाभ कमाने की इच्छा से मनुष्य द्वारा किया जाने वाला प्रत्येक वैद्य उद्यम क्या कहलाता है? **(1)**



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

प्रश्न-3. लेखांकन की किसी एक आधारभूत मान्यता का नाम लिखिये। (1)

प्रश्न-4. व्यावसायिक सौदे की कोई एक विशेषता लिखिये। (1)

प्रश्न-5. आय की नगद प्राप्ति हेतु कौन-सा प्रमाणक बनाया जाता है? (1)

प्रश्न-6. किस प्रकार की सम्पत्तियों के लिये स्थायी किस्त पद्धति से ह्रास लगाना उपयुक्त होता है? (1)

प्रश्न-7. 'आयोजन' का एक उदाहरण लिखिये। (1)

प्रश्न-8. व्यापार खाते के विकल्प पक्ष में कौन-से व्ययों को लिखा जाता है? (1)

प्रश्न-9. वित्तीय विवरणों में क्या-क्या शामिल है? (1)

प्रश्न-10. लेखांकन को परिभाषित कीजिये। (3)

प्रश्न-11. उदरत खाता क्या है? (3)

प्रश्न-12. तलपट की कोई तीन विशेषताएँ लिखिये। (3)

प्रश्न-13. निर्माण खाते और व्यापार खाते में कोई तीन अंतर लिखिये। (3)

प्रश्न-14. कारण सहित लिखिये कि निम्नलिखित व्यय पूंजीगत है अथवा आगमगत: (3)

(i) आयात की गई मशीन पर चुकाया गया सीमा कर

(ii) कामगारों को दी गई मजदूरी

प्रश्न-15. टिप्पणी लिखिये- (4)

(i) प्रमाणक (ii) आहरण

**अथवा**

बहीखाता एवं लेखाकर्म में अंतर स्पष्ट कीजिये। (कोई चार)

प्रश्न-16. एक व्यवसायी के निम्न व्यवहारों के आधार पर लेखांकन समीकरण ज्ञात कीजिये- (4)

| | | |
|---|---|---|
| (i) | रोकड़ से व्यापार प्रारम्भ किया | 70000 रु० |
| (ii) | उधार माल खरीदा | 18000 रु० |
| (iii) | उधार माल बेचा (लागत 10000 रु०) | 12000 रु० |
| (iv) | लेनदारों को पूर्ण भुगतान में चुकाये | 17500 रु० |

https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

**अथवा**

धर्मेन्द्र ने अपना व्यवसाय 1 जनवरी 2018 को 40000 रु० की पूंजी से प्रारम्भ किया। 31 दिसम्बर 2018 को उसकी सम्पत्तियाँ 70000 रु० तथा दायित्व 20000 रु० के थे। अंतिम पूंजी तथा लाभ की गणना कीजिये।

**प्रश्न–17.** निम्नलिखित व्यवहारों के लिये जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिये– **(4)**

| 2018 | | रु० |
|---|---|---|
| 1 जनवरी | रोकड़ से व्यापार प्रारम्भ किया | 1,00,000 |
| 15 जनवरी | रमेश से माल खरीदा | 25000 |
| 20 जनवरी | कमीशन नगद मिला | 2000 |
| 30 जनवरी | वेतन, सुरेन्द्र को दिया | 8000 |

**अथवा**

मनीष की पुस्तकों में निम्न व्यवहारों का लेखा कीजिये–

| 2019 | | रु० |
|---|---|---|
| 1 मार्च | रोकड़ से व्यापार प्रारम्भ किया | 50,000 |
| 5 मार्च | नगद माल खरीदा | 10,000 |
| 10 मार्च | गाड़ी भाड़ा दिया | 500 |
| 25 मार्च | गिरीश को किराया दिया | 5000 |

**प्रश्न–18.** निम्नलिखित शेषों से 31 मार्च 2019 को तलपट तैयार कीजिये– **(4)**

बिके हुए माल की लागत – 150,000 रु०

| | | | |
|---|---|---|---|
| देनदार– | 60,000 रु० | लेनदार – | 30,000 रु० |
| सम्पत्तियाँ – | 50000 रु० | व्यय – | 20000 रु० |
| बिक्री– | 200000 रु० | पूंजी – | 91000 रु० |
| आहरण– | 1000 रु० | प्रारम्भिक रहतिया – | 60000 रु० |
| अंतिम रहतिया– | 40000 रु० | | |

**अथवा**

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

**निम्नलिखित शेषों से 31 दिसम्बर 2018 को तलपट बनाइये-**

रोकड़ खाता 2100 रु०, क्रय खाता 10500 रु०, विक्रय खाता 15100 रु०, क्रय वापसी खाता 500 रु०, विक्रय वापसी खाता 200 रु०, फर्नीचर खाता 2000 रु०, बैंक अधिविकर्ष 1000 रु०, विनियोग 1800 रु०, अंतिम स्कंध 2500 रु०।

**प्रश्न-19.** 1 जून 2019 को अ ने ब को 1000 रु० का माल उधार बेचा और इस तिथि को तीन माह की अवधि का एक विपत्र लिखा। ब ने इस विपत्र को स्वीकृत कर अ को लौटा दिया। इन व्यवहारों का लेखा अ एवं ब के जर्नल में कीजिये। (4)

**अथवा**

X ने Y को 1 जनवरी 2019 को 5000 रु० के मूल्य का माल उधार बेचा। Y ने 4 जनवरी को 2000 रु० नगद दिये तथा शेष 3000 रु० के लिये X से एक तीन माह का विपत्र लिखने की प्रार्थना की। X ने उक्त तिथि को 3000 रु० का विपत्र Y पर लिखा। Y ने इसे स्वीकृत कर X को लौटा दिया। देय तिथि पर Y ने विपत्र का भुगतान कर दिया। उक्त व्यवहारों को X के जर्नल में लिखिये।

**प्रश्न-20.** लेखांकन के किन्हीं दो आधारभूत सिद्धान्तों का वर्णन कीजिये। **(6)**

**अथवा**

दोहरा लेखा प्रणाली का अर्थ और विशेषताएँ लिखिये।

**प्रश्न-21.** **निम्नलिखित सूचनाओं से 31 मार्च 2019 को बैंक समाधान विवरण बनाइये-** **(6)**

(i) रोकड़ बही के अनुसार बैंक शेष 9750 रु०

(ii) 25 मार्च को 500 रु० का एक चैक बैंक में जमा कराया जिसका संग्रहण 2 अप्रैल को हुआ।

(iii) 26 मार्च को आशीष को जारी किया गया 1000 रु० का चैक भुगतान हेतु 4 अप्रैल को प्रस्तुत किया गया।

(iv) एक ग्राहक ने 400 रु० सीधे बैंक में जमा किये जिसकी सूचना 5 अप्रैल को प्राप्त हुई।

(v) बैंक ने 700 रु० बीमा प्रीमियम के दिये।

https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

(vi) बैंक ने 280 रु० ब्याज के पास बुक में जमा किये।

(vii) पास बुक में 160 रु० बैंक व्ययों के डेबिट हैं। उपरोक्त (v), (vi) और (vii) का कोई लेखा रोकड़ बही में नहीं किया गया।

**अथवा**

**30 जून 2016 को शांतनु एण्ड कम्पनी की पास बुक का अधिविकर्ष 1800 रु० है। निम्न सूचनाओं से उनका बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिये-**

(i) 8000 रु० के चैक संग्रह हेतु भेजे गये, किन्तु उनका संग्रहण 30 जून तक नहीं हो पाया। https://www.cgboardonline.com

(ii) 2500 रु० के चैक निर्गमित किये, किन्तु भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं हुए।

(iii) बैंक ने 100 रु० अधिविकर्ष पर ब्याज लगाया।

(iv) 800 रु० बैंक में सीधे जमा किये, जिसका लेखा रोकड़ बही में नहीं हुआ।

https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-22.** 1 जनवरी 2015 को एक मशीन 18400 रु० में खरीदी तथा उसकी स्थापना में 1600 रु० खर्च किये। इस यंत्र पर घटती किस्त पद्धति के अनुसार प्रतिवर्ष 10% ह्रास अपलेखित करने का निश्चय किया गया। पहले तीन वर्षों के लिए मशीनरी खाता बनाइये। खाते 31 दिसम्बर को बंद किये जाते हैं। **(6)**

**अथवा**

एक यंत्र पर दो वर्ष तक 10 प्रतिशत की दर से स्थायी किस्त पद्धति से मूल्य ह्रास लगाया गया जो 1 जनवरी 2016 को 10000 रु० में क्रय किया गया था। 1 जनवरी 2018 को ह्रासमान शेष पद्धति को यंत्र की क्रय तिथि से ही अपनाने का निश्चय किया गया। मूल्य ह्रास की दर 12 प्रतिशत रखी गई। 2016 से 2018 तक का यंत्र खाता बनाइये।

https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-23.** सामान्य संचय तथा विशिष्ट संचय में अंतर स्पष्ट कीजिये। (कोई चार) **(6)**

**अथवा**

ह्रास की स्थायी किस्त पद्धति एवं घटती शेष पद्धति में अंतर स्पष्ट कीजिये। (कोई चार)

https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-24.** **नायर की पुस्तकों से लिये गये निम्नलिखित शेषों से 31 दिसम्बर 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष का व्यापार एवं लाभ-हानि खाता तैयार कीजिये-** (6)

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक स्कंध | 5000 रू०, | क्रय | 35000 रू० |
| विक्रय | 58000 रू०, | विक्रय वापसी | 1000रू० |
| मजदूरी | 600 रू०, | गाड़ी भाड़ा | 200 रू० |
| बट्टा | 150 रू०, | जलपान व्यय | 350 रू० |
| वेतन | 1500 रू० | कमीशन (क्रेडिट) | 300 रू० |
| अंतिम स्कंध | 3700 रू० | | |

**अथवा**

निम्नलिखित बाकियों से 31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये लाभ-हानि खाता तथा उसी तिथि का चिट्ठा तैयार कीजिये-

सकल लाभ 16200 रू० , वेतन 2400 रू०, विक्रय पर भाड़ा रू० 270, छपाई रू० 130, कार्यालय व्यय 400 रू० , किराया (क्रे०) 200 रू०, बट्टा (डे०)100 रू०, पूंजी 60000 रू०, लेनदार 5000 रू०, देय विपत्र 900 रू०, भवन 20000 रू०, मशीनरी 18000 रू०, देनदार 19000 रू०, प्राप्य विपत्र 5000 रू०, रोकड़ 6000 रु०, फर्नीचर 1000 रू०, बैंक अधिविकर्ष 15000 रू०, तथा अंतिम स्कंध 25000 रू०।

**प्रश्न-25.** 1 मार्च 2019 को A ने B को 5000 रू० का माल बेचा। B ने एक विपत्र तीन माह की अवधि का स्वीकार किया। A ने इस विपत्र को 4 मार्च 2019 को 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से बट्टे पर बैंक से भुना लिया। देय तिथि पर विपत्र अनादरित हो गया और बैंक ने 15 रू० निकराई के चुकाए। B ने 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष के ब्याज, नोटिंग व्यय तथा विपत्र की राशि सहित एक तीन माह का नया विपत्र लिखने की प्रार्थना की, जिसे A ने मान्यकर एक नया विपत्र B पर लिख दिया जिसे B ने स्वीकार कर A को लौटा दिया। देय तिथि पर इस नये विपत्र का भुगतान हो गया। उक्त व्यवहारों को A के जर्नल में लिखिये। **(8)**

**अथवा**

उपरोक्त व्यवहारों के आधर पर B के जर्नल में लेखा कीजिये।



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

प्रश्न-26. हरि प्रसाद के निम्नलिखित तलपट से 31 दिसम्बर 2018 को समाप्त वर्ष का व्यापार लाभ-हानि खाता तथा उस दिन का चिट्ठा तैयार कीजिये- (8)

**तलपट**

| विवरण | राशि | विवरण | राशि |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक स्कंध | 10000 | पूंजी | 75000 |
| क्रय | 20000 | लेनदार | 5000 |
| गाड़ीभाड़ा | 500 | कमीशन | 1800 |
| मजदूरी | 2000 | क्रय वापसी | 200 |
| बीमा | 800 | विक्रय | 33000 |
| वेतन | 4200 | | |
| सामान्य व्यय | 1500 | | |
| विक्रय वापसी | 1000 | | |
| मशीन | 26000 | | |
| भवन | 40000 | | |
| रोकड़ | 9000 | | |
| | **115000** | | **115000** |

**समायोजन-** (i) मशीन पर 10 प्रतिशत ह्रास लगाईये। (ii) पूर्वदत्त बीमा 200 रु० (iii) अदत्त मजदूरी 100 रु० (iv) अंतिम स्कंध 30000 रु०।

**अथवा**

निम्नांकित तलपट से 31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये वित्तीय विवरण

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

## तलपट

| विवरण | राशि | विवरण | राशि |
|---|---|---|---|
| आहरण | 2000 | | |
| सामान्य व्यय | 4000 | पूंजी | 30000 |
| भवन | 41000 | लेनदार | 15000 |
| मशीन | 9000 | विक्रय | 62000 |
| प्रारम्भिक स्टॉक | 16000 | कमीशन | 1000 |
| कोयला एवं शक्ति | 2000 | देय बिल | 14000 |
| मजदूरी | 1000 | बैंक अधिविकर्ष | 13000 |
| देनदार | 6000 | ऋण | 18000 |
| क्रय | 45000 | | |
| मोटर | 25000 | | |
| रोकड़ | 2000 | | |
| | **153000** | **153000** | |

**समायोजन** – (i) अंतिम स्टॉक 25000 रु० (ii) अप्राप्य ऋण के 500 रु० अपलेखित कीजिये। (iii) उपार्जित कमीशन 300 रु० (iv) मालिक ने निजी उपयोग के लिये 700 रु० का माल निकाला।

**https://www.cgboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com